कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 01.12.2024

विषयः- जैतपुरा पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका को बहला फुसाकर भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार, अपहृता बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज व थानाध्यक्ष जैतपुरा के नेतृत्व में थाना जैतपुरा पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0- 254/2024 धारा- 137(2), 87 B.N.S. थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित गुमशुदा/अपहृता को पालघर, महाराष्ट्र से बरामद कर दिनांक 01/12/2024 को थाना स्थानीय लाया गया तथा अपहृता/गुमशुदा के बयान के आधार पर अभियुक्त अफरोज उर्फ चांद बाबू को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 21/11/2024 को मुकदमा वादी ने लिखित सूचना दिया उसकी नाबालिग पुत्री को विपक्षी चांद पुत्र अज्ञात के द्वारा बहला फुसला कर भगा ले जाने के सम्बन्ध में दिया था। जिसके आधार पर दिनांक 21/11/2024 को थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 0254/2024 धारा 137(2), 87 B.N.S.पंजीकृत किया गया था।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

अभियुक्त अफरोज उर्फ चांद बाबू पुत्र मुख्तार माला वाला निवासी 17/178 शक्कर तालाब थाना जैतपुरा वाराणसी उम्र करीब 19 वर्ष

आपराधिक इतिहास-

1.मु0अ0सं0- 254/2024 धारा- 137(2), 87 B.N.S.थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी

गिरफ्तार/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 श्री बृजेश कुमार मिश्रा, थानाध्यक्ष, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी
2. उ0नि0 सिद्धनाथ यादव, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी
3. उ0नि0 हृदयलाल, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी
4. हे0का0 संतोष यादव, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी
5. का0 बिन्दु वर्मा, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, जोन-काशी,
कमिश्नरेट वाराणसी।